इस प्रश्न–पत्र में 43 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं. **71/SS/376/A**

सेट - **A**

# प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा
# (376-H)

**परीक्षा का दिन व दिनांक** ____________________

**निरीक्षकों के हस्ताक्षर** 1. ____________________

2. ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

1 परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2 कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की संख्या उतनी ही है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें।

4 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

5 (क) प्रश्न–पत्र केवल अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।
कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

(ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

6 परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

7 प्रश्न–पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।

8 अपनी उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न–पत्र का कोड नं. **71/SS/376/A, सेट – A** लिखें।

# प्रारंभिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा
# (376-H)

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **80**

**निर्देश :** (i) इस प्रश्नपत्र में कुल **43** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक का **1** अंक है। इनमें से प्रत्येक में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **17** से **29** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनमें शामिल हैं रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन पैसेज (प्रश्न संख्या **17** से **19**), कॉलमों का मिलान (प्रश्न संख्या **20**), सही या गलत (प्रश्न संख्या **21-23**), रिक्त स्थानों की पूर्ति (प्रश्न संख्या **24-26**) तथा उपयुक्त उत्तर (प्रश्न संख्या **27-29**)। इन प्रश्नों को प्रत्येक भाग में दिए गए निर्देश के अनुसार हल कीजिए।

(vi) (a) प्रश्न संख्या **30** से **35** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के **2** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर **30** से **50** शब्दों में दें।

(b) प्रश्न संख्या **36** से **41** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के **3** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर **50** से **80** शब्दों में दें।

(c) प्रश्न संख्या **42** और **43** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के **5** अंक हैं। प्रत्येक का उत्तर **80** से **120** शब्दों में दें।

---

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखेंः**

**1** पाल्मर ग्रास्प हैः **1**

(A) नवजातों में सिर को उस दिशा में घुमाने की प्रवृत्ति जब उसके गालों को छुआ गया।

(B) जब गर्दन से सहारा हटा तो शिशु का हाथों को आगे की तरफ बढ़ाना

(C) शिशुओं द्वारा अंगुलियों को उनकी हथेली पर रखते ही पकड़ने की कोशिश करना

(D) पैर की उंगलियों को हवा में उठाना, जब पैर पर कोई प्रहार करता है।

**2** बच्चे हैं: **1**

(A) देश का भविष्य

(B) सदैव गंदा वातावरण सहते हैं

(C) खेल आधारित वातावरणों से अनभिज्ञ होते हैं

(D) देश में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल से वंचित हैं।

**3** मुँह के हावभाव संबंधित हैं: **1**

(A) दृश्य (दिखने वाली) वृद्धि (B) भाषा और गति

(C) आराम देना और सुखदायक (D) टीकाकरण

**4** निम्नलिखित में से कौन–सी तरह की शिशु देखभाल स्थितियाँ समाज में नहीं पाई जाती हैं? **1**

(A) पारिवारिक (B) गैर–पारिवारिक

(C) सांदर्भिक (D) (A) और (B) दोनों

**5** बच्चों को गर्मजोशी भरी बातचीत देते हैं **1**

(A) शीघ्र विकास (B) विश्वास

(C) भाषा विकास (D) गतिक विकास

**6** प्लासेन्टा से तात्पर्य है **1**

(A) युग्मनज (जाइगोट) का गर्भाशय की दीवार से चिपकने/जुड़ने का समय

(B) गर्भाधान का परिणाम

(C) गर्भाधान से 8 सप्ताह की अवधि

(D) गर्भाशय की दीवार की मोटी व रक्त–प्रचुर ऊतक

**7** पकड़ना, चूसना और आंखों को बंद और खोलना कहलाते हैं **1**

(A) सजीव सोच (B) युवावस्था का समय

(C) स्वाभाविक क्रिया/रिफ्लेक्स क्रिया (D) जबरदस्ती की गई क्रियाएँ

8 संज्ञानात्मक विकास की औपचारिक परिचालन अवस्था होती है **1**

(A) जन्म से 2 वर्ष की आयु तक (B) 11 वर्ष और अधिक आयु

(C) 7 वर्ष से 11 वर्ष तक की आयु (D) 2 वर्ष से 7 वर्ष तक की आयु

9 सामाजिक विकास से तात्पर्य है **1**

(A) नये वाक्यों और शब्दों की खोज

(B) जाने–पहचाने रास्तों को याद रखना

(C) सम–समूहों से वार्तालाप/बातचीत करना

(D) शरीर के वजन में बढोतरी

10 बच्चों में एक सुरक्षित, पोषण और प्रेरणादायक वातावरण को न प्रेरित करने वाली परिस्थितियाँ कौन–सी हैं? **1**

(A) छोटी संख्या वाले समूह

(B) प्रेरित और संवेदनशील देखभाल कर्ता

(C) सकारात्मक बच्चा–अभिभावक परस्पर क्रिया

(D) बडे/ज्यादा संख्या वाले समूह

11 9 महीने की आयु मे दिए गए टीकाकरण सूचियों में कौन–सी सबसे सही है? **1**

(A) एम एम आर (B) खसरा

(C) टाइफाइड, हेपेटाइटिस–ए (D) रोटा वायरस, इन्फ्लुएंजा, एच पी वी

12 कार्यात्मक खेल से संबंधित है **1**

(A) प्रतिनिधित्व प्रणाली का विकसित होना

(B) स्माइलेंस्की के खेल का प्रथम चरण

(C) बच्चों द्वारा काल्पनिकता का प्रयोग करना

(D) खेल में सभी इंद्रियों की प्रमुख भूमिका

13 बच्चों में दी गई क्रियाकलापों में से कौन–सी संज्ञानात्मक विकास को प्रोत्साहित करती है? **1**

(A) दौड़ना

(B) वस्तुओं को उनके रंग के अनुसार वर्गीकृत करना

(C) मोती पिरोना

(D) दूसरे बच्चों की सहायता करना

14 संज्ञानात्मक विकास से संदर्भित होता है **1**

(A) स्थान एवं दिशा का बोध

(B) समूह परस्पर क्रिया

(C) वर्गीकरण, क्रमबद्धता, स्थानिक बोध

(D) आवाजें निकालना, सुनना और मौखिक रूप से उत्तर देना

15 गुणवत्ता हस्तक्षेप की विशेषता सहायता और संरचित से संदर्भित है **1**

(A) बोलना

(B) सहायक अधिगम वातावरण

(C) स्व–सहायक कौशल

(D) संतुलन, बैठना, रेंगना

16 दिए गए विकल्पों में से कौन–सी विशेषता गुणवत्ता सहायता और संरचित से संबंधित नहीं है? **1**

(A) अत्यधिक संरचित सुव्यवस्थित नियमित और पूर्वानुमानित हस्तक्षेप की योजना बनाना

(B) एक सहायक शिक्षण वातावरण प्रदान करना

(C) सभी बच्चों के लिए एक समान अधिगम वातावरण देना

(D) ऐसा अधिगम वातावरण को बनाना/सृजन करना जहाँ बच्चे सुखद महसूस करें

**नीचे दिए गए पैराग्राफ को पढ़ें और पैराग्राफ को अपनी समझ के अधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखेंः (17–19)**

भाषा एक कौशल है जो मनुष्यों को जानवरों से अलग करता है। समाज में मनुष्य के रूप में, हम अपने विचारों को संप्रेषित करने, अपनी भावनाओं को साझा करने, एक–दूसरे को समझने और सामाजिक संबंध बनाने के लिए अपनी भाषाई क्षमता का निरंतर उपयोग करते हैं। भाषा सोचने, सीखने और आसपास की दुनिया को समझने के लिए एक आवश्यक कुँजी या चाबी है। भाषा हमें अतीत की घटनाओं पर पुनर्विचार करने और भविष्य के लिए योजना बनाने में भी सक्षम बनाती है। यह हमें अपने काम की रणनीतियों का मूल्यांकन करने और अपने विचारों में अदला–बदली करने में भी मदद करती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भाषा संज्ञान को समर्थन देने के लिए एक उपकरण के रूप में कार्य करती है और इसके विपरीत भी। भाषा बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। भाषा का विकास मस्तिष्क की वृद्धि एवं परिपक्वता के साथ–साथ होता है। जीवन के प्रारंभिक वर्ष भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण अवधि माने जाते हैं। जन्म से लेकर 6 वर्ष की आयु तक बच्चों में भाषा का विकास बहुत तीव्र गति से होता है। इस आयु में भाषा विकास के लिए दी गई कोई भी उत्तेजना बच्चों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। भाषा सुनने, बोलने, पढने और लिखने के माध्यम से ग्रहणशील और अभिव्यंजक दोनों रूप से प्रकट होती है।

**गद्यांश की अपनी समझ के आधार पर प्रश्न सं. 17 से 19 का उत्तर दें।**

17 (i) वह कौन–सी दक्षता है जो मनुष्यों को जानवरों से अलग करती है? **2×1=2**

(ii) भाषा का एक समाज में क्या प्रयोजन/कार्य होता है?

18 (i) छोटे बच्चों के लिए भाषा क्यों महत्वपूर्ण होती है? **2×1=2**

(ii) बच्चों में जीवन के पहले वर्षो को महत्वपूर्ण अवधि क्यों माना जाता है?

19 (i) बच्चों के जीवन में वह कौन सी अवधि है जब भाषा विकास बहुत तीव्र गति से होता है। **2×1=2**

(ii) भाषा सीखने के चार कौशल क्या हैं?

**20** कॉलम का मिलान करें : **1×4=4**

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| (a) प्रारंभिक वर्ष | (i) कार्यस्थलों पर बाल देखभाल सुविधाएँ प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित |
| (b) एन. एफ. एच. एस. 4 डेटा | (ii) तीव्र मस्तिष्क विकास |
| (c) मातृत्व लाभ संशोधन अधिनियम, 2017 | (iii) प्रकृति |
| (d) आनुवांशिक | (iv) स्कूल में उपस्थिति में सुधार का संकेत देता है। |

**प्रश्न संख्या 21 से 23 के लिए सही या गलत लिखिए।**

**21** (i) पर्यवेक्षण अंदर खेले जाने वाली क्रियाकलापों के लिए बहुत जरूरी होता है। **2×1=2**

(ii) दौड़ना, कूदना और चलना खेल क्रियाएँ बड़ी माँसपेशियों के समन्वय में सहायक होते हैं।

**22** विविधता व्यक्तिगत भिन्नताओं को मान्यता, स्वीकृति और सम्मान देती है, चाहे उनकी उत्पत्ति कहीं भी हो। **1**

**23** मातृभाषा घर में बोली जाने वाली भाषा होती है। **1**

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः**

**24** (i) ___________ संबंधी समस्याओं वाले बच्चों को नियमित देखभाल और अनुशासन का पालन करने में कठिनाई हो सकती है। **2×1=2**

(ii) कई विकलांग व्यक्तियों और उनके परिवारों को सहायक उत्पादों और सेवाओं के बारे में ___________ जानकारी है।

**25** जूतों के फीते बाँधना ___________ गति विकास कौशलों के उदाहरण है। **1**

**26** वस्तुओं को उनकी ऊँचाई के अनुसार क्रमबद्ध करना ___________ आयाम से संबंधित एक क्रियाकलाप है। **1**

एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए (27–29)

27 (i) एक ई सी सी ई शिक्षक के रूप में, कोई एक हस्तक्षेप जो आप पढ़ने और लिखने में परेशानी वाले बच्चे के लिए लेंगी। **3×1=3**

(ii) किसी एक चरण/पद को बताइए जिसे आप एक ई सी सी ई केंद्र में बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के लिए सुनिश्चित करना चाहेंगी।

(iii) किसी एक क्रियाकलाप/खेल को बताइए, जिसे आप एक ई सी सी ई केंद्र में 1–3 वर्ष की आयु के बच्चों में सामाजिक कौशलों को प्रेरित करने के लिए आयोजित करना चाहेंगी।

28 (i) बच्चों के लिए राष्ट्रीय योजना कौन-सी है, जिसका उद्देश्य सभी बच्चों के लिए जीवित रहने का अधिकार, गरिमा, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, विकास, बचाव एक भागिदारी है। **2×1=2**

(ii) यदि आप एक ई सी सी ई अध्यापक/कार्यकर्ता को पाते हैं कि वह खेल क्रियाकलाप के दौरान बच्चों का पर्यवेक्षण नहीं करती है, आपका क्या अवलोकन होगा?

29 रुपिंदर एक ई सी सी ई केंद्र की मुखिया/निदेशक है। केंद्र में कौन-सी प्रमुख भूमिकाएँ निभाएगी? **1**

30 कोल्हबर्ग द्वारा बताई गई पूर्व-नैतिक स्तर और पारंपरिक नैतिकता स्तर पर अंतर बताइए। **2**

**अथवा**

नैतिक विकास के विषम और स्वायत चरणों का वर्णन कीजिए।

31 सुखविंदर एक ई सी सी ई कार्यकर्ता है। उसे केंद्र में बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के लिए क्या करना चाहिए। **2**

32 स्माइलेन्स्की द्वारा दिए गए नाटकीय खेलों और नियमों वाले खेलों की व्याख्या और उनमें अंतर बताइए। **2**

33 दर्शक खेल की व्याख्या उदाहरण सहित कीजिए। **2**

34 पूर्व-प्राथमिक तत्परता और विद्यालय तत्परता का वर्णन कीजिए और उनमें अंतर बताइए। **2**

**अथवा**

बच्चों में सफलतापूर्वक परिवर्तन के किन्हीं दो महत्वपूर्ण कारकों का वर्णन कीजिए।

35 सामाजिक-आर्थिक स्तर के निहितार्थों की अधिगम पर चर्चा कीजिए। **2**

**अथवा**

विभिन्नता को एक उदाहरण देकर वर्णन कीजिए।

36 एक ई सी सी ई केंद्र में आप शीघ्र हस्तक्षेपों हेतु क्या कदम उठाना चाहेंगी? किन्हीं तीन को बताइए। **3**

37 नवजात के किन्हीं तीन विशेषताओं की उदाहरण सहित चर्चा कीजिए। **3**

**अथवा**

2-3 वर्षीय बच्चों के किन्हीं तीन भाषा विकास के पडावों पर चर्चा कीजिए।

38 विभिन्न आयामों के लिए विकासात्मक रूप से उपयुक्त गतिविधियों से आपका क्या अभिप्राय है? बच्चों के विभिन्न क्षेत्रों/आयामों के विकास की दृष्टि से उपयुक्त किसी भी गतिविधि का वर्णन करें। **3**

**अथवा**

पूर्व–संख्या अवधारणा की व्याख्या कीजिए। किन्हीं एक क्रियाकलाप/गतिविधि, जिसके द्वारा पूर्व संख्या अवधारणा के अंतर्गत उपयोग करके बच्चों में संज्ञानात्मक विकास हो सके।

39 प्लेसेंटा के दो महत्वपूर्ण कार्य क्या हैं? जन्म–पूर्व विकास की उस अवस्था का उल्लेख करें जिसमें प्लेसेंटा ये कार्य करता है। **3**

**अथवा**

एक नवजात के किन्हीं तीन रिफ्लेक्सिस (अनैच्छिक क्रियाओं) की व्याख्या कीजिए।

40 संचयी अभिलेख क्यों महत्वपूर्ण हैं। बच्चों के लिए एक संचयी अभिलेख के प्रारूप का वर्णन कीजिए। **3**

41 शमा, एक ई सी सी ई अध्यापिका बच्चों में रचनात्मक और सौंदर्यता का विकास करना चाहती हैं। इसके लिए कुछ गतिविधियों या क्रियाकलापों को सुझाइए। **3**

42 ई सी सी ई शब्द का वर्णन कीजिए। एक शहरी संदर्भ में ई सी सी ई के किन उद्देश्यों को आप प्राथमिकता देगीं। **5**

**अथवा**

ई सी सी ई के विभिन्न घटक क्या हैं? किन्हीं दो पर चर्चा कीजिए जिन्हें आप बच्चों के जीवन के लिए अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं।

43 'खेल' शब्द का वर्णन कीजिए। 4 से 6 वर्षीय बच्चों के बाहरी खेलों हेतु उचित उपकरणों और सामग्रियों को पहचानने के लिए आप क्या कदम लेना चाहेंगे। **5**

**अथवा**

बच्चों के संदर्भ में खेल गतिविधियों का विवरण दीजिए। बच्चों के खेल में एक अध्यापक की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

---